राजस्थान का पंछी

# मिलावट के खिलाफ अभियान की जांच में डी-मार्ट पर मिला नकली घी,डिस्ट्रीब्यूटर असली घी के कार्टून में कुछ डिब्बे नकली घी के करता था सप्लाई

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय की ओर से प्रदेश में मिलावट के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत गुरूवार को जयपुर शहर में बड़ी कार्रवाई की गई, जिसमें डी-मार्ट स्टोर पर विभिन्न ब्राण्ड का नकली घी पाया गया।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के सुपरविजन एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई।

Source: https://rajpanchhi.com/posts/66745421f93593dc36da5478-X9AqF4-In-the-investigation-of-the-campaign-against-adulteration-fake-ghee-was-found-on-D-Mart-the-distributor-used-to-supply-some-cans-of-fake-ghee-in-the-cartoon-of-real-ghee